सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 578 वर्ष 43

राँची, मार्च 2022






# कोयला उत्पादन में सीसीएल का नया कीर्तिमान

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुये वित्तीय वर्ष 2020–21 के कोयला उत्पादन को इस वित्तीय वर्ष में 15 दिन पहले ही प्राप्त कर इतिहास रचा है। ज्ञातव्य हो कि वित्तीय वर्ष 2020–21 के अंत में कुल कोयला उत्पादन 62.59 मिलियन टन था जिसे वित्तीय वर्ष 2021–22 में 15 दिन शेष रहते हुए यानि 16 मार्च, 2022 को ही पार कर लिया गया।

सीसीएल प्रबंधन के द्वारा प्रत्येक शनिवार को कोयला उत्पादन एवं प्रेषण दिवस मनाया जा रहा है जिससे कोयला उत्पादन एवं प्रेषण की गति को और तेजी से बढ़ाया जा सके।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद ने इस उपलब्धि के लिए पूरे सीसीएल टीम को बधाई देते हुये कहा कि सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान पूरी दुनिया कोविड –19 के प्रकोप से परेशान रही है, लेकिन उस चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान भी कंपनी के कोयला योद्धाओं ने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और बिजली संयंत्रों में कोयले की कोई कमी न हो इसके लिए हमेशा प्रयासरत रही। उन्होंने राज्य सरकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं कोल इण्डिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल उत्पादन एवं प्रेषण में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। कंपनी का प्रबंधन नियमित रूप से परिचालन क्षेत्रों का दौरा कर रहा है और उत्पादन और प्रेषण को बढाने के लिए कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हें प्रेरित कर रहा है।

ज्ञात हो कि सीसीएल झारखंड के आठ जिलों में काम करता है और राज्य के खजाने के लिए सबसे बड़ा योगदान करता है।

# कोयला खनन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी सीसीएल की चंद्रगुप्त खुली खदान परियोजना



समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, स्टेकहोल्डर्स के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सस्टेनेबल माइनिंग हेतु कंपनी के इस कार्य को और बल देने की दिशा में चंद्रगुप्त खुली खदान परियोजना सीसीएल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। ज्ञातव्य हो कि हजारीबाग जिले में 1495 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस मेगा प्रोजेक्ट की वार्षिक क्षमता 15 मिलियन टन (एमटी) होगी। इस परियोजना के माध्यम से 25 वर्षों में 339.30 एमटी नॉन–कोकिंग कोयले का संचयी उत्पादन हासिल किया जाएगा।

परियोजना को माइन डेवलपर कम ऑपरेटर (एमडीओ) मोड के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। एमडीओ मोड सार्वजनिक–निजी भागीदारी की धारणा का प्रतीक है। एमडीओ के तहत सीसीएल की ओर से कान्ट्रैक्टर द्वारा भूमि अधिग्रहण, आर एंड आर, खदान के विकास योजना, संचालन, कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण आदि सभी गतिविधियों को पूरा किया जाएगा। इस खदान को मेसर्स सूसी चन्द्रगुप्त कोल माइन प्राइवेट लिमिटेड – एक एसपीवी (स्पेशल पर्पस वेइकल) जिसमें सुशी इंफ्रा एंड माइनिंग लिमिटेड और एमआरकेआर कंस्ट्रक्शन एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, द्वारा विकसित एवं संचालित किया जाएगा।

परियोजना में अत्याधुनिक तकनीक से बेहतरीन पर्यावरण को सुनिश्चित करते हुये सभी खनन कार्य किया जायेगा और पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित नहीं होने दिया जायेगा। इस परियोजना पर लगभग 3437 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगा। परियोजना के खुलने से आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर भी मिलेगा साथ ही कंपनी अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में चहुँमूखी विकास होगा।

इस परियोजना में खनन गतिविधि प्रारंभ होने से सीसीएल को 100 एमटी से अधिक का वार्षिक उत्पादन प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी जो भारत सरकार के ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

"अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो
तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो।"

– डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

# आम्रपाली–चन्द्रगुप्त एवं पिपरवार क्षेत्र में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



मेगा स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य

आम्रपाली–चन्द्रगुप्त क्षेत्र में 02 मार्च तथा पिपरवार क्षेत्र में 03 मार्च को सीएसआर योजना के अंतर्गत निःशुल्क 'मेगा स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2 हजार लोगो ने चिकित्सीय सेवा का लाभ लिया। स्वास्थ्य शिविर में हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग सहित कान नाक गला, दाँत रोग आदि विशेषज्ञों ने आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगो की चिकित्सीय जाँच कर उचित परामर्श देने के साथ–साथ मरीजो को निःशुल्क दवाईयाँ भी उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य शिविर मे केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर एवं विभिन्न क्षेत्रीय अस्पतालों के 15 विभिन्न विभागों के 30 विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पारा मेडिकल स्टाफ ने मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल संचालन किया।

# सीसीएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्षा, अर्पिता महिला क्लब, श्रीमती विमला प्रसाद एवं अन्य

सीसीएल मुख्यालय के 'कन्वेंशन सेंटर' में दिनांक 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षा, अर्पिता महिला क्लब, श्रीमती विमला प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीरजा गोमास्ता, श्रीमती स्वाति शालिनी, कार्यकारी निदेशक, एचआरडी एमटी. आई सेल, डॉ. कामाक्षी रमण, कमांडेंट (जैप) सुश्री संध्या मेहता, आईपीएस सहित बड़ी संख्या में सीसीएल मुख्यालय, विभिन्न क्षेत्रों एवं केंद्रीय अस्पतालों के महिला कर्मी उपस्थित थीं। साथ ही चतरा उपायुक्त सुश्री अंजली यादव ने भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएँ दी।

समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती विमला प्रसाद ने समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने नारी शक्ति को नमन करते हुये कहा कि महिलाओं ने सामाजिक बाधाओं एवं अन्य कठिनाईयों के विरूद्ध संघर्ष करते हुये आज सभी क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन से स्वयं को स्थापित किया है।

श्रीमती विमला प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथियों ने दरभंगा हाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम विशेष में मुख्यालय परिसर में ही बच्चों के लिए 'किलकारी भवन' का भी उदघाटन किया गया।

समारोह में महिला सशक्तिकरण पर आधारित विडीयो क्लीप का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सीसीएल की महिला कर्मियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अवसर विशेष पर 9 महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण विप्स संयोजिका/महाप्रबंधक (समाधान/भर्ती) सुश्री रश्मी दयाल ने दी।

# वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर गांधीनगर अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन






वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर गांधीनगर अस्पताल में आयोजित कार्यशाला का दृश्य

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, राँची में दिनांक 10 मार्च को वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर कंटीन्युअस मेडिकल एजुकेशन के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सीसीएल के सीएमएस डॉ. डी के एल चौहान ने किया। इस अवसर पर सीएमएस इंचार्ज, गांधीनगर, डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ एवं विभागाध्यक्ष, डायलिसिस यूनिट, गांधीनगर अस्पताल, डॉ. आनंद कुमार, एवं ऑर्किड अस्पताल, राँची के डॉ. नवीन वर्णवाल भी उपस्थित थे। सभी ने किडनी बीमारी से जुड़े विषयों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इतना ही नहीं इस कार्यशाला में किडनी बिमारी से ग्रस्त 30 मरीजों की स्वास्थ्य चिकित्सा की गई।

कार्यशाला के आयोजन में गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सक एवं पारामेडिकल कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# गांधीनगर अस्पताल में "रक्तदान शिविर" का आयोजन



गांधीनगर अस्पताल में रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद

दिनांक 11 मार्च को "रक्तदान–जीवन दान' की कहावत को चरितार्थ करते हुये सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक), श्री पी. वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। अवसर विशेष पर अस्पताल के सीएमएस डॉ. डी.के.एल चौहान और केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के इंचार्ज डॉ. रत्नेश जैन एवं अन्य उपस्थित थे।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (का), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने परम्परागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा रिबन काटकर इस शिविर का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया।

इसी तरह सीसीएल के बरका–सयाल एवं ढोरी क्षेत्र में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

तीनों शिविरों में कुल 100 यूनिट से अधिक ब्लड जमा हुआ। रक्तदान लेने से पूर्व निर्धारित सभी मापदंडो को ध्यान में रखा गया।

शिविर को सफल बनाने में मुख्य प्रबंधक (सीएसआर), श्री एस.एस. लाल सहित अस्पताल के चिकित्सकों एवं नर्स, पारा–मेडिकल कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीसीएल से लिंक्ड पावर प्लांटों के साथ बैठक




बैठक में उपस्थित कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्रालय के निदेशक श्री मुकेश चौधरी एवं सीएमडी एवं सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

दिनांक 12 मार्च को मुख्यालय, राँची में सीसीएल से जुड़े थर्मल पावर प्लांटों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय, भारत सरकार से संयुक्त सचिव, श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्रालय के निदेशक, श्री मुकेश चौधरी सहित सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं सेल्स एवं विपणन सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण ने भाग लिया। बैठक में एनटीपीसी, टीवीएनएल, डीवीसी, हरियाणा पावर आदि के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

संयुक्त सचिव श्रीमती विस्मिता तेज ने सीसीएल से जुड़े सभी पावर प्लांटों से आग्रह किया कि पर्याप्त स्टॉक अपने पावर प्लांट में बनायें रखें जिससे आने वाले समय में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने कहा कि पावर प्लांटों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सीसीएल राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कंपनी में हर वह कदम उठाया जा रहा है जिससे पावर प्लांटों का स्टॉक और बेहतर हो सके। श्री प्रसाद ने अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उत्पादन के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

पावर प्लांट के प्रतिनिधियों ने कहा कि सीसीएल कोविड–19 के समय में भी कोयले की निर्बाध आपूर्ति करता रहा है और गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति निरंतर कर रहा है।

कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) श्री बी.वी.भी. रेड्डी ने भी सीसीएल अधिकारियों के साथ एक और बैठक कर Performance संबंधित जानकारी प्राप्त किया। इस बैठक में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी) Designated श्री आर.बी. प्रसाद एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

निदेशक (तकनीकी) श्री बी.वी.भी रेड्डी ने बरका–सयाल क्षेत्र का दौरा कर उपस्थित कर्मियों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि अपने–अपने क्षेत्र अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करें जिससे कंपनी का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हो सके। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री ए.के. सिंह अपने टीम सहित उपस्थित थे।

# सीसीएल में अधिकारियों के रूप में पदोन्नत कर्मियों को सम्मानित किया गया



कर्मचारी से पदोन्नत अधिकारियों के साथ निदे. (का.) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा, मप्र (मास) श्री एस. के. सिंह, मप्र (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल एवं अन्य

दिनांक 11 मार्च को मुख्यालय, राँची में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारी से अधिकारी वर्ग में चयनित कर्मियों को सम्मानित किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस.के. सिंह, महाप्रबंधक (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) श्री राव ने सभी पदोन्नत कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि सीखना जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पदोन्नत कर्मचारी कंपनी की सफलता में योगदान देना जारी रखेंगे।


सीवीओ, श्री एस के सिन्हा सभी पदोन्नत कर्मियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुये निरंतर अपना उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के 67 कर्मचारियों को अधिकारी रैंक में पदोन्नत किया गया था।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री डॉ. अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक), कल्याण/राजभाषा विभाग; ब्रज भुषण प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (खनन), एमआरएस रामगढ़; प्रकाश चन्दा, महाप्रबंधक (खनन), योजना एवं परियोजना विभाग; ओम प्रकाश वर्मा, मुख्य प्रबंधक (प्रणाली); अशोक कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (खनन), एचआरडी विभाग; संजय कुमार सिन्हा, अधीनस्थ इंजीनियर, उत्खनन विभाग; अरूण कुमार सिन्हा, आई/ओ कंट्रोल सहायक, एनआईएमसी विभाग; रोज सुशिला लकड़ा, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड 'ए–1', अधिकारी स्थापना विभाग; मटुक लाल बेदिया, ड्राईवर कैट–V, भू–गर्भ विभाग को आज 31 मार्च को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से मार्च माह में 76 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।



# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

अपने हितधारकों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए #टीमसीसीएल प्रतिबद्ध
"सीसीएल कोविड आपदा छात्रवृत्ति योजना'' कंपनी द्वारा वैसे बच्चों की शिक्षा को अनवरत जारी रखने के लिए एक पहल है, जिन्होंने कोविड -19 के कारण अपने माता/पिता/ मुख्य जीविकोपार्जक सदस्य खो दिया है।
#CclCsrInitiative

Translate Tweet




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Empowering youth to energise their future.

#TeamCCL in collaboration with @CipetRanchi is providing placement linked free 6 months' training in Plastic Technology to 320 youths from villages near the operational areas of the company.
#CclCsrInitiative
@JoshiPralhad @CoalIndiaHQ



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Coal dispatch crosses 70 MT for the first time.

#TeamCCL attains another milestone with coal dispatch crossing the coveted 70 MT for the first time since inception.

This exemplary performance reaffirms our commitment to serve the energy needs of nation. #AtmaNirbharBharat




**Pralhad Joshi** @JoshiPralhad

Giving Wings To Fly 🧚

@CCLRanchi, together with the State Govt, has formed Jharkhand State Sports Promotion Society and established a Sports Academy. This initiative is providing youth in the region with opportunities to unlock their full potential. #KheloIndia
@ianuragthakur




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)